बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

पत्र संख्या–16/गो0विविध 06–09/2025– 1804 /पटना, दिनांक– 22/04/2026.

प्रेषक,

कुमुद रंजन
संयुक्त सचिव(प्रबंधन)

सेवा में,

प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना।
प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य निर्माण निगम, पटना।
प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पर्यटन निगम, पटना।
प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल विद्युत निगम, सोन भवन, पटना।
प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्त्ति निगम लि0, पटना।
अभियंता प्रमुख (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण)/
(सिंचाई सृजन) एवं (मुख्यालय), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
अभियंता प्रमुख, मंत्रिमंडल निगरानी, बिहार, पटना।
निदेशक मुख्य अभियंता (वाल्मी), बिहार, पटना।
मुख्य अभियंता, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना।
सभी मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
निदेशक, क्रय सामग्री भंडारण प्रबंधन निदेशालय, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
मुख्य अभियंता, पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना।
अधीक्षण अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र एवं विकास निदेशालय, जल संसाधन विभाग, पटना।

विषयः– जल संसाधन विभाग के अभियंताओं (संविदा पर नियोजित को छोड़कर) का **SPARROW** प्रणाली के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 (01.04.2025 से 31.03.2026) का **e-PAR** सृजित करने हेतु **Workflow Sheet** उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–1200 दिनांक–13.03.2026 एवं विभागीय पत्रांक–सह–पठित ज्ञापांक–1795 दिनांक–21.04.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि जल संसाधन विभाग के अभियंताओं (संविदा पर नियोजित को छोड़कर) का **SPARROW** प्रणाली के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के **e-PAR** सृजित करने हेतु विहित प्रपत्र में वाछिंत सूचना समेकित रूप से विभाग को दिनांक–30.04.2026 तक उपलब्ध कराने को अनुरोध किया गया था, परंतु **PIMS Portal** पर निबंधित बिहार अभियंत्रण सेवा (जल संसाधन विभाग) के 913 अभियंताओं में मात्र 255 एवं बिहार अवर अभियंत्रण सेवा (जल संसाधन विभाग) के 2697 अभियंताओं में मात्र 430 का **Workflow Sheet** अभी तक प्राप्त हो पाया है। उल्लेखनीय है कि विभागीय पत्रांक –1795, दिनांक–21.04.2025 द्वारा विभाग को **Workflow Sheet** उपलब्ध कराने की अधिकतम समय–सीमा 30 अप्रैल निर्धारित है।

अतः उपरोक्त वर्णित परिस्थितियों में अनुरोध है कि जल संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन अपने अधीनस्थ सभी अभियंताओं के वित्तीय वर्ष 2025–26 का **e-PAR** सृजित करने हेतु वांछित सूचना विहित प्रपत्र (**Workflow Sheet**) में विभाग को समेकित रूप से दिनांक–30.04.2026 तक उपलब्ध कराने की कृपा की जाए, जिससे कि विभाग द्वारा निर्धारित समय–सीमा के अंतर्गत **e-PAR** सृजित किया जा सके।

विश्वासभाजन

ह०/–

(कुमुद रंजन)
संयुक्त सचिव(प्रबंधन)

ज्ञापांकः—16/गो0विविध 06—09/2025—. 1804 पटना, दिनांकः— 22/04/2026

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता आई०टी० केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं आई०टी० मैनेजर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को संबंधित पदाधिकारी के ई—मेल आई०डी० पर प्रेषित करने हेतु।

22/4/26

संयुक्त सचिव(प्रबंधन)